UG/3rd Sem/HINDI(G)/T/19

2019

B.A.

3rd Semester Examination

HINDI (General)

Paper - DSC 1C-T

Full Marks : 60 Time : 2 Hours

The figures in the margin indicate full marks. Candidates are required to give their answers in their own words as far as practicable.

1. निम्नलिखित में से किन्हीं दस प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 10×2=20

(क) भारतेन्दु द्वारा रचित दो काव्य संग्रहों के नाम लिखिए।

(ख) 'कवितावर्धिनी सभा' की स्थापना किसने और कब की?

(ग) 'प्रियप्रवास' किस विधा की रचना है और उसका प्रकाशन वर्ष क्या है?

(घ) 'ठेठ हिंदी का ठाट' किसकी कृति है और कब प्रकाशित हुई?

(ङ) मैथिलीशरणगुप्त द्वारा रचित दो काव्य-ग्रंथों के नाम बताइए।

(च) मैथिलीशरण गुप्त के भाई का क्या नाम था? वे किस युग के कवि थे?

(छ) जयशंकर प्रसाद किस उपनाम से कविता लिखते थे? वे किस धारा के कवि थे?

(ज) 'अशोक की चिन्ता' का केन्द्रीय भाव क्या है?

(झ) 'जूही की कली' किसकी कविता है और उसे किस सम्पादक ने अपनी पत्रिका में छापने से मना कर दिया था?

(ञ) 'भारत-भारती' किसकी रचना है और कब प्रकाशित हुई?

(ट) नागार्जुन को कब और किस रचना के लिए साहित्य अकादमी पुरस्कार मिला?

(ठ) नागार्जुन द्वारा रचित किन्हीं दो काव्य-संग्रहों के नाम बताइए।

(ड) 'नदी के द्वीप' किसकी कृति है? और यह किस काव्य-संग्रह में संकलित है?

(ढ) नरेश मेहता द्वारा रचित किन्हीं दो काव्य-संग्रहों के नाम बताइए।

(ण) अज्ञेय को किस रचना के लिए और कब ज्ञानपीठ पुरस्कार मिला?

2. निम्नलिखित में से किन्हीं चार प्रश्नों के यथानिर्देश उत्तर दीजिए: 4×5=20

(क) भारतेन्दु के काव्य में वर्णित भक्ति भावना पर विचार कीजिए।

(ख) "सुरसरि सी सरि है कहाँ मेरू सुमेर समान।
जन्मभूमि सी भू नहीं भूमंडल में आन।"
उपर्युक्त पंक्तियों की ससंदर्भ व्याख्या कीजिए।

(ग) "श्रम-विश्राम क्षितिज-बेला से
जहाँ सृजन करते मेला से,
अमर जागरण उषा नयन से-
बिखराती हो ज्योति घनी है"

उपरोक्त पंक्तियाँ किस कवि की कविता से अवतरित हैं? पंक्तियों का मूल भाव स्पष्ट कीजिए।

(घ) वह आता-
दो टूक कलेजे को करता, पछताता
पथ पर आता—
यहाँ किसके आने की बात कही गई है और वह क्यों पछताता है? स्पष्ट करें।

[Turn Over]

(ङ) हम निहारते

रूप काँच के पीछे

हॉफ रही है, मछली।

रूप तृषा भी

(और काँच के पीछे)

है जिजीविषा

उपरोक्त पंक्तियों की ससंदर्भ व्याख्या कीजिए।

(च) 'नर हो न निराश करो मन को' कविता का मुख्य प्रतिपाद्य स्पष्ट कीजिए।

3. निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : $2\times10=10$

(क) मैथिलीशरण गुप्त की काव्यगत विशेषताओं पर विचार कीजिए।

(ख) पठित कविताओं के आधार जयशंकर प्रसाद के काव्य वैशिष्ट्यों पर चर्चा कीजिए।

(ग) नागार्जुन की प्रगतिशील चेतना पर विचार कीजिए।

(घ) अज्ञेय के काव्य-सौन्दर्य पर प्रकाश डालिए।